This question paper contains 2 printed pages. **Your Roll No. ....**

Sl. No. of Ques. Paper	: 5126	G
Unique Paper Code	: 205141	
Name of Paper	: Hindi 'C'	
Name of Course	: B.A. (Prog.) Hindi Discipline	
Semester	: I	
Duration	: 3 hours	
Maximum Marks	: 75	

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हिन्दी के भौगोलिक क्षेत्र पर प्रकाश डालिए।

अथवा

विश्व-स्तर पर हिन्दी की स्थिति का वर्णन कीजिए। 7

2. बोली का अर्थ बताते हुए बोली और भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए। 7

3. वर्तनी के स्तर पर हिन्दी के मानक स्वरूप पर विचार कीजिए।

अथवा

हिन्दी वर्तनी के मानकीकरण पर प्रकाश डालिए। 7

4. (क) किन्हीं दो शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए:
   बच्चा, मित्र, अमीर, सुन्दर। 2

   (ख) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण छाँटिए:
   (i) मैं प्रतिदिन दो लीटर पानी पीता हूँ।
   (ii) अच्छे लोगों से मित्रता करनी चाहिए। 2

   (ग) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया छाँटिए:
   (i) सीमा गाना गाती है।
   (ii) वीणा ने आम खाया। 2

5. किन्हीं तीन शब्दों के विलोम लिखिए:
   लाभ, कड़वा, हँसना, जीत, हित 3

6. किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए:
   घर, चंद्रमा, बगीचा, पुत्र, पक्षी। 3

7. किन्हीं **तीन** अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:
अकाश, मूरख, सनेह, वर्शा, विवाहिक। 3

8. किन्हीं **तीन** अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:
(i) एक गीतों की पुस्तक चाहिए।
(ii) अध्यापक बोल रहा है।
(iii) मैंने अभी खाना खाना है।
(iv) लता और कांता जा रही है।
(v) बहन जी आ गए। 3

9. किन्हीं **छः** मुहावरे-लोकोक्तियों का अर्थ बताते हुए वाक्य बनाइए:
(i) नौ दो ग्यारह होना
(ii) नाच न जाने आँगन टेढ़ा
(iii) राई का पहाड़ बनाना
(iv) मुँह में पानी आना
(v) दाँतों तले उंगली दबाना
(vi) ऊँची दुकान फीके पकवान
(vii) सौ सुनार की एक लुहार की। 6

10. किसी **एक** विषय का पल्लवन **अथवा** किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए:
(i) संतोष ही जीवन है
(ii) होनहार बिरवान के होत चीकने पात
(iii) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान। 8

11. छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु प्राचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

अथवा

अपने क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। 10

12. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए:
(i) सोशल मीडिया
(ii) डेंगू का बढ़ता कहर
(iii) विद्यार्थी और अनुशासन
(iv) एक अविस्मरणीय घटना। 12